**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—0905**

**PAPER—III**

# EDUCATION

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले / काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# EDUCATION

# शिक्षा

## PAPER—III

## प्रश्न-पत्र—III

**NOTE:** **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.**

**नोट :** यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंको का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

## SECTION - I

## खण्ड – I

**NOTE :** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

**(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x5=25 अंक)**

**Read the passage and answer Q.No. 1 to 5 :**

An interview is a social situation in which two persons (or more) who are typically unfamiliar to each other meet for a short period of time, on average around one or two hours. The interviewer has set up this situation 'in order that the respondent speaks openly, authentically or truthfully, to produce valid reporting on some interior or exterior state of affairs' (Baker 1997:130) so that the interviewer can use this speech as 'data' in a research publication. In interviews, localists argue, people are not reporting external events but producing situated accounts, drawing upon cultural resources in order to produce morally adequate accounts. Against the neopositivist and to a considerable extent also the romantic view on the interview as a technique, localists see it as situated acompolishment.

What takes place during the interview may be seen as a complex interaction in which the participants make efforts to produce a particular order, drawing upon cultural knowledge to structure the situation, and to minimize embarrassment and frustration, feelings of asymmetrical relations of status and power etc. Making the other comfortable, saving face, making him or her open up and engage in 'relevant', productive talk through a mix of means, including providing clues as to what is interesting and what is not, calls for activity on behalf of the interviewer. There are different opinions in the literature concerning the optimum degree of friendliness versus neutrality and interviewer activity versus the avoidance of the creation of bias through too much interfearance. The dilemma is a classical one.

**निम्न गद्यांश को पढें तथा दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखें (1 से 5) :**

एक साक्षात्कार एक सामाजिक स्थिति है जिसमें एक दूसरे से पूर्ण रूप से अपरिचित दो (या अधिक) व्यक्ति औसतन एक या दो घण्टे के लिए मिलते है। साक्षात्कारकर्ता ऐसी स्थिति निर्मित करता है ताकि उत्तरदाता खुल कर प्रामाणिकता या सत्यवादिता पूर्वक कुछ आंतरिक या बाह्य मामलों पर वैध प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सके, ताकि साक्षात्कारकर्ता इस वार्तालाप को अनुसंधान के प्रकाशन में 'दत्त' के रूप में प्रयोग कर सके। स्थानीय लोग तर्क देते हैं कि साक्षात्कार में व्यक्ति बाह्य घटनाओं का प्रतिवेदन नहीं करते किन्तु परिस्थितिगत लेखों को उत्पन्न करते हैं। आशावादियों के विरुद्ध कल्पित (रोमानी) दृष्टि में भी स्थानीय लोग साक्षात्कार को कुछ विचारणीय सीमा तक अनुसंधान की एक प्रविधि के रूप में तथा एक परिस्थितिक कौशल के रूप में देखते हैं।

साक्षात्कार के दौरान जो कुछ होता है उसे एक जटिल अंत:क्रिया के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें प्रतिभागी एक विशिष्ट क्रम प्रदान करने का प्रयास करता है, परिस्थिति की संरचना करने के लिए ज्ञान प्राप्त करता है, और घबराहट तथा कुंठा, स्थिति एवं सत्ता आदि के अव्यवस्थित संबंधों की भावना को कम करता है। साक्षात्कारकर्ता की ओर से साक्षात्कार उत्तरदाता को आरामदायक स्थिति में ले जाना, बचाव करना; मिश्रित साधनों से उसे खुलकर प्रासंगिक और उपयोगी वार्तालाप करने के लिए इशारा देना है।

साहित्य में साक्षात्कारकर्ता अत्याधिक हस्तक्षेप से पूर्वाग्रह के सृजन की उपेक्षा बनाम क्रियाकलाप, एवं अधिकतम अंशों में मित्रता बनाम निष्पक्षता के मामले में अलग अलग विचार हैं। यह एक प्राचीन दुविधा है।

**1.** Localists say that people give morally adequate accounts rather than explaining events as such for questions asked in interviews. Support this view by giving an example.

स्थानीय लोग कहते हैं कि लोग साक्षात्कार में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में घटनाओं को जैसा का तैसा बयान करने की बजाय नैतिक रूप से स्वीकार्य वर्णन प्रस्तुत करते हैं। एक उदाहरण देकर इस विचार की पुष्टि कीजिए।

**2.** Explain "speaking openly" and "speaking authentically".

खुलकर बोलने तथा प्रामाणिकता पूर्वक बोलने की व्याख्या कीजिए।

**3.** Explain with example, asymmetrical relations of status and power between interviewer and interviewee.

साक्षात्कारकर्त्ता और उत्तरदाता के बीच असममित सम्बन्धों, स्थितियों तथा शक्तियों को उदाहरण सहित समझाइये।

4. Explain the classical dilemma referred to in the passage.
गद्यांश में संदर्भित प्राचीन दुविधा का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

5. Why is interview viewed as a complex interaction ?
साक्षात्कार को जटिल अन्त:क्रिया के रूप में क्यों देखा जाता है?

## SECTION - II

## खण्ड – II

**NOTE :** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में पाँच-पाँच (5-5) अंकों के पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है।

**(5x15=75 अंक)**

**6.** Differentiate between 'Pragmatist' and 'Existentialist' epistemology.
प्रयोजनवादियों तथा अस्तित्ववादियों के ज्ञानशास्त्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

7. Explain the effect of caste system on social change in Indian Society.
भारतीय समाज में जाति प्रथा के सामाजिक परिवर्तन पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

8. Define Creativity and its components with the help of examples.
उदाहरणों की सहायता से सृजनशीलता तथा उसके अवयवों की परिभाषा दीजिए।

9. What are the characteristics of emotional maturity ?

संवेदनात्मक परिपक्वता की विशेषताएँ क्या हैं?

10. Give a comprehensive definition of intelligence and explain the key words used in the definition.

बुद्धि की एक व्यापक परिभाषा दीजिए तथा उसमें प्रयुक्त मुख्य शब्दों की व्याख्या कीजिए।

11. Distinguish a 'Personality Inventory' from a 'Rating Scale'.
व्यक्तित्व-सूची तथा मूल्य निर्धारण मापनी, में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

12. Define sample and frame.
न्यादर्श तथा फ्रेम की परिभाषा दीजिए।

**13.** Differentiate between Hypothesis and Assumptions.

परिकल्पना तथा मान्यता में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**14.** Explain the need of control group in experimental studies.

प्रयोगात्मक अध्ययनों में नियन्त्रण-समूह की आवश्यकता स्पष्ट कीजिए।

**15.** Define external validity of an experimental design.
एक प्रयोगात्मक-परिरूप की बाह्य वैधता की परिभाषा दीजिए।

**16.** Explain the three main provisions to be made for Universalising Primary Education.
प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लिए किए गए मुख्य प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

**17.** Define Curriculum and Syllabus

पाठचर्या तथा पाठ्यक्रम की परिभाषा दीजिए।

**18.** Explain grassroot approach to curriculum development.

पाठचर्या विकास के आधारभूत-अभिगम की व्याख्या कीजिए।

19. Discuss the uses of 'interview' as a tool for guidance services.
निर्देशन सेवाओं के संयंत्र के रूप में साक्षात्कार के उपयोग पर चर्चा कीजिए।

20. Explain the process of establishing guidance and counselling cell in a school.
विद्यालय में निर्देशन तथा परामर्श सेल की स्थापना करने की विधि का वर्णन कीजिए।

## SECTION - III

## खण्ड – III

**NOTE:** This section contains five (5) questions from each of the electives / specialisations. The candidate has to choose only one elective / specialisation and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से पाँच (5) प्रश्न हैं। अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से पाँचो प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न बारह (12) अंक का है व उसका उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

### Elective - I

### विकल्प – I

**21.** Describe with an example how PERT could be used in school management.

विद्यालय प्रबन्ध में पी.ई.आर.टी. का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

**22.** Describe how an autocratic and a democratic heads of schools would differ in their leadership behaviour in planning and conducting school annual day celebration.

वर्णन कीजिए कि एक निरंकुश और एक लोकतान्त्रिक विद्यालयों के प्रधान स्कूलों के वार्षिक उत्सवों के नियोजन तथा क्रियान्वयन में किस प्रकार भिन्न होंगे।

**23.** State the purpose and process of institutional planning.

संस्थागत नियोजन के उद्देश्य तथा उसकी प्रक्रिया बताइये।

**24.** Educational supervision today is more punitive than promotive - Comment on this statement.

''शैक्षिक पर्यवेक्षण आज प्रोत्साहक के बजाय दण्डात्मक है'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**25.** Explain 'theory X' and 'theory Y' approaches to educational administration.

शैक्षणिक प्रशासन के लिए 'सिद्धान्त X' तथा 'सिद्धान्त Y' की विधियों की व्याख्या करो।

**OR / अथवा**

**Elective - II**

**विकल्प – II**

**21.** Which of the following is measurement, assessment and evaluation ? Give reason for your answer.

(a) Marking the mathematics paper

(b) Taking the weight of a child

(c) Declaring the result of class V students.

निम्न में से कौनसा मापन, आकलन तथा मूल्यांकन है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण भी बताइये।

(a) गणित का प्रश्न-पत्र जाँचना।

(b) एक बालक का भार ज्ञात करना।

(c) कक्षा V के छात्रों का परीक्षा फल घोषित करना।

**22.** In the case of the following variables, which criterion or criteria can be used for doing Item Analysis and why ?

Attitude towards Teaching, Creativity and Reasoning.

निम्नलिखित चरों के लिए पद विश्लेषण करने के लिए किस कसौटी या कसौटियों का प्रयोग होगा?

शिक्षण के प्रति अभिवृत्ति, सृजनशीलता, तथा तर्कशक्ति

**23.** (a) A researcher developed an achievement test comprising 21 items relating to 21 aspects in a subject. Split half method was used for establishing the reliability. The reliability coeffecient was found to be 0.31. Interpret this result.

(b) Why can reliability coefficient not be negative ?

(a) एक शोधकर्ता ने एक विषय के 21 पहलुओं पर 21 प्रश्नों का एक उपलब्धि परीक्षण तैयार किया। विश्वसनीयता निर्धारित करने के लिए अर्ध-विच्छेद विधि का उपयोग किया गया। विश्वसनीयता गुणांक 0.31 प्राप्त हुआ। इसकी विवेचना कीजिए।

(b) विश्वसनीयता गुणांक क्यों ऋणात्मक नहीं हो सकता?

**24.** Select any one topic and develop a criterion referenced test comprising Five questions.

कोई विषय चुनिये तथा पाँच प्रश्नों वाला एक कसौटी-संदर्भित परीक्षण तैयार कीजिए।

**25.** How can computer be used for improving the quality of evaluation ? Justify your answer.

मूल्यांकन की गुणवत्ता सुधारने के लिए कम्प्यूटर का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है? अपने उत्तर की पुष्टि भी कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - III**

**विकल्प – III**

**21.** Explain Communication barriers that a teacher may face in the classroom at primary level.

उन संप्रेषण बाधाओं की व्याख्या कीजिए जो एक अध्यापक के सामने प्राथमिक स्तर की कक्षा में आ सकती हैं।

**22.** How can multi-media approach help in improving the quality of teaching at secondary level ?

माध्यमिक स्तर पर बहु-माध्यम विधि किस प्रकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायक हो सकती है?

**23.** Explain different stages of teaching with suitable examples.

शिक्षण के विभिन्न स्तरों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

**24.** Select a concept in a subject of your choice and write instructional material based on the principles of programmed instruction to be used in distance mode of teaching.

किसी विषय से एक अवधारणा चुनिये तथा अभिक्रमित शिक्षण के सिद्धान्तों के अनुसार दूरस्थ शिक्षा में जो शिक्षण सामग्री प्रयुक्त की जा सकती है उसका वर्णन कीजिए।

25. Select an appropriate topic to teach through concept attainment model of teaching and explain the steps you would follow while using that model.

संकल्पना प्राप्ति प्रतिमान द्वारा शिक्षण के लिए एक उपविषय छाँटिये तथा इस प्रतिमान द्वारा शिक्षण में प्रयुक्त सोपानों का वर्णन कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - IV**

**विकल्प – IV**

21. Explain the terms 'special education', 'integrated education and 'inclusive education', giving suitable examples of each.

उचित उदाहरण देते हुए विशिष्ट शिक्षा, समाकलित शिक्षा तथा समावेशात्मक शिक्षा आदि पदों की व्याख्या कीजिए।

22. What are the charecteristics of a mentally retarded child ? Discuss the programmes that you would use to help him.

एक मन्द-बुद्धि बालक की क्या विशेषतायें हैं? उसकी सहायता के लिए आप कौनसे कार्यक्रमों का उपयोग करेंगे, उनकी व्याख्या कीजिए।

23. How will you identify a creative child in the classroom ? Discuss the measures that you take to help him develop his creative ability to the full.

आप अपनी कक्षा में सृजनशील बालक की पहचान किस प्रकार करेंगे? उसकी सृजनशीलता का सम्पूर्ण विकास हो सके इसके लिए आप क्या उपाय करेंगे, समझाइये।

24. What is meant by 'learning disability' ? How will you identify and help a learning disabled child ?

अधिगम बाधिता से क्या तात्पर्य है? आप एक अधिगम बाधित छात्र की पहचान तथा सहायता किस प्रकार करेंगे।

25. What is meant by 'Juvenile Delinguency' ? Discuss its genesis and suggest programmes for rehabilitation.

बाल–अपराध से क्या तात्पर्य है? इसकी उत्पत्ति का वर्णन कीजिए तथा पुनर्वास के लिए सुझाव दीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - V**

**विकल्प – V**

21. Give a brief account of the development of teacher education in India during the pre - independance period.

स्वतंत्रता से पूर्व भारत में अध्यापक शिक्षा के विकास का संक्षिप्त ब्यौरा दीजिए।

22. Discuss the recommendations of Education Commission (1964 - 66) regarding recruitment and professional growth of school teachers ?

शिक्षा–आयोग (1964 - 66) के द्वारा विद्यालयों के अध्यापकों के चयन /भर्ती तथा व्यवसायिक विकास के लिए दी गई सिफारिशों की चर्चा कीजिए।

23. Describe the proposals made in the NPE - 1986 regarding training of teachers in higher education. Discuss how these proposals are being implemented.

उच्च शिक्षा में अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में दिये गए प्रस्तावों का वर्णन कीजिए। इन प्रस्तावों पर किस प्रकार अमल हो रहा है, यह भी बताइये।

24. Describe the characteristics of a profession, and hence evaluate the status of teaching as a profession.

एक व्यवसाय की विशेषतायें बताईये, तथा तदानुसार शिक्षण कार्य का मूल्यांकन एक व्यवसाय के रूप में कीजिए।

25. Discuss some of the areas of teacher education which deserve an urgent attention of the research workers. Give examples in support of your answer.

अध्यापक शिक्षा के कुछ ऐसे क्षेत्रों की चर्चा कीजिए जिनकी ओर शोधकर्ताओं का ध्यान आकर्षण करना आवश्यक है। अपने उत्तर की पुष्टि में उदाहरण दीजिए।

## SECTION - IV

## खण्ड – IV

**NOTE :** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में चालीस (40) अंको का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**26.** Write an essay on any ONE of the following :

निम्नलिखित में से किसी **एक** पर निबन्ध लिखिए :

Examination Reforms in School Education.

विद्यालयी शिक्षा में परीक्षा सुधार।

**OR / अथवा**

Feasibility of ICT (Information Communication Technology) in Education in the present context in India.

वर्तमान भारतीय सन्दर्भ में शिक्षा में "सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी"।

**OR / अथवा**

Preservice Teacher Education through Distance Mode.

दूरस्थ शिक्षा विधि द्वारा सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा।

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Marks Obtained** | | | | | | | |
| **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** | **Question Number** | **Marks Obtained** |
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ...............................

(Evaluation) Date .............................